**Series SMA**

कोड नं. **67/1**
Code No.

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **23** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **19** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **23** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# लेखाशास्त्र
# ACCOUNTANCY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

*सामान्य निर्देश :*

(i) *यह प्रश्न-पत्र तीन भागों में विभक्त है – क, ख और ग ।*

(ii) *भाग क सभी छात्रों के लिए **अनिवार्य** है ।*

(iii) *परीक्षार्थियों को शेष भाग ख और ग में से कोई **एक** भाग हल करना है ।*

(iv) *किसी प्रश्न के सभी भागों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखिए ।*

***General Instructions :***

(i) *This question paper contains three parts A, B and C.*

(ii) *Part A is **compulsory** for all candidates.*

(iii) *Candidates can attempt only **one** part of the remaining parts B and C.*

(iv) *All parts of the questions should be attempted at one place.*

## भाग क

## (अलाभकारी संगठनों, साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

## PART A

## (Accounting for Not-for-Profit Organisations, Partnership Firms and Companies)

**1.** एक ऐसी मद का नाम बताइए जो 'प्राप्ति एवं भुगतान खाते' के 'भुगतान' पक्ष में कभी नहीं दर्शाई जाती, लेकिन 'आय एवं व्यय खाता' तैयार करते समय एक व्यय के रूप में दर्शाई जाती है । *1*

Name an item which is never shown on the 'Payments' side of 'Receipts and Payments Account', but is shown as an Expense while preparing 'Income and Expenditure Account'.

**2.** एक साझेदारी संलेख में पूँजी पर ब्याज के भुगतान का प्रावधान है लेकिन वर्ष 2010 – 2011 के दौरान कम्पनी को लाभ के स्थान पर हानि हुई । पूँजी पर ब्याज किस दर से दिया जाएगा ? *1*

A partnership deed provides for the payment of interest on capital but there was a loss instead of profits during the year 2010 – 2011. At what rate will the interest on capital be allowed ?

**3.** त्याग अनुपात तथा अधिलाभ अनुपात में कोई एक अन्तर बताइए । *1*

Give any one distinction between sacrificing ratio and gaining ratio.

4. किसी फर्म में नए साझेदार के प्रवेश के किसी एक उद्देश्य का उल्लेख कीजिए । *1*

State any one purpose for admitting a new partner in a firm.

5. अग्रिम याचना का क्या अर्थ है ? *1*

What is meant by calls in advance ?

6. निम्नलिखित सूचना से 31.3.2011 को समाप्त वर्ष के लिए आय एवं व्यय खाते में दर्शाने के लिए चन्दे की बकाया राशि की गणना कीजिए यदि कुल सदस्य 1000 हों और प्रत्येक ₹ 300 वार्षिक चन्दा देता हो ।

वर्ष 2010 – 2011 में प्राप्त चन्दा : ₹ 3,00,000.

31.3.2011 को अग्रिम प्राप्त चन्दा : ₹ 36,800.

1.4.2010 को अदत्त चन्दा : ₹ 32,000.

1.4.2010 को अग्रिम प्राप्त चन्दा : ₹ 25,000 *3*

From the following information, calculate the amount of subscriptions due to be shown in the 'Income and Expenditure Account' for the year ended 31.3.2011 if there are 1000 members and each paying ₹ 300 p.a. as subscription.

Subscriptions received during the year 2010 – 2011 : ₹ 3,00,000.

Subscriptions received in advance as on 31.3.2011 : ₹ 36,800.

Subscriptions outstanding as on 1.4.2010 : ₹ 32,000.

Subscriptions received in advance as on 1.4.2010 : ₹ 25,000.

7. सुन्दरम् लि. ने रविन्द्रम लि. से ₹ 3,00,000 के फर्नीचर का क्रय किया । ₹ 1,00,000 का भुगतान रविन्द्रम लि. के पक्ष में देय एक प्रतिज्ञा पत्र के द्वारा किया गया । शेष राशि का भुगतान ₹ 10 प्रति अंश के समता अंशों को 25% के अधिलाभ पर निर्गमित करके किया गया । सुन्दरम् लि. की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *3*

Sundram Ltd. purchased Furniture for ₹ 3,00,000 from Ravindram Ltd. ₹ 1,00,000 were paid by drawing a Promissory Note in favour of Ravindram Ltd. The balance was paid by issue of Equity Shares of ₹ 10 each at a Premium of 25%.

Pass necessary Journal entries in the books of Sundram Ltd.

8. नव लक्ष्मी लि. ने ₹ 100 प्रत्येक के 3000, 12% ऋणपत्रों के निर्गमन के लिए आवेदन आमन्त्रित किए । इन ऋणपत्रों को ₹ 50 प्रति ऋणपत्र के प्रीमियम पर निर्गमित किया जाना था । पूर्ण राशि का भुगतान आवेदन पर करना था ।

कुल 4000 ऋणपत्रों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । 1000 ऋणपत्रों के लिए आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा आवेदन राशि को लौटा दिया गया । शेष आवेदकों को ऋणपत्रों का आबंटन कर दिया गया ।

उपरोक्त लेनदेनों के लिए नव लक्ष्मी लि. की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *3*

Nav Lakshmi Ltd. invited applications for issuing 3000, 12% Debentures of ₹ 100 each at a premium of ₹ 50 per Debenture. The full amount was payable on application.

Applications were received for 4000 debentures. Applications for 1000 debentures were rejected and application money was refunded. Debentures were allotted to the remaining applicants.

Pass necessary Journal entries for the above transactions in the books of Nav Lakshmi Ltd.

9. लालन तथा बालन एक फर्म में साझेदार थे जो 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 1.4.2010 को उनकी स्थायी पूँजी निम्न प्रकार थी : लालन ₹ 1,00,000 तथा बालन ₹ 2,00,000. उन्होंने पूँजी पर 12% प्रति वर्ष की दर से तथा आहरण पर 15% प्रति वर्ष की दर से ब्याज लगाने का निर्णय किया । 31.3.2011 को समाप्त हुए वर्ष के लिए उपरोक्त सभी समायोजनों से पूर्व फर्म का लाभ ₹ 30,000 था । वर्ष के दौरान लालन तथा बालन के आहरण क्रमशः ₹ 3,000 तथा ₹ 5,000 थे । अपनी गणनाओं को स्पष्ट दर्शाते हुए फर्म का लाभ-हानि विनियोजन खाता तैयार कीजिए । फर्म में हानि होने की दशा में भी पूँजी पर ब्याज दिया जाएगा । *4*

Lalan and Balan were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2. Their fixed capitals on 1.4.2010 were : Lalan ₹ 1,00,000 and Balan ₹ 2,00,000. They agreed to allow interest on capital @ 12% per annum and to charge on drawings @ 15% per annum. The firm earned a profit, before all above adjustments, of ₹ 30,000 for the year ended 31.3.2011. The drawings of Lalan and Balan during the year were ₹ 3,000 and ₹ 5,000 respectively. Showing your calculations, clearly prepare Profit and Loss Appropriation A/c of Lalan and Balan. The interest on capital will be allowed even if the firm incurs a loss.

10. क, ख, ग तथा घ साझेदार हैं जो लाभों को क्रमशः 3 : 3 : 2 : 2 के अनुपात में विभाजित करते हैं । 'घ' अवकाश ग्रहण करता है तथा क, ख एवं ग लाभों को भविष्य में 3 : 2 : 1 के अनुपात में विभाजित करने का निर्णय लेते हैं । फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 6,00,000 किया गया । फर्म की पुस्तकों में ख्याति पहले से ही ₹ 4,50,000 दी हुई है । 'घ' के अवकाश प्राप्त करने के उपरान्त पहले वर्ष ₹ 12,00,000 का लाभ हुआ । ख्याति के लेखांकन तथा लाभों के वितरण के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । अपनी गणनाओं को स्पष्ट रूप से दर्शाइए । 4

A, B, C and D are partners sharing profits in the ratio of 3 : 3 : 2 : 2 respectively. D retires and A, B and C decide to share the future profits in the ratio of 3 : 2 : 1. Goodwill of the firm is valued at ₹ 6,00,000. Goodwill already appears in the books at ₹ 4,50,000. The profits for the first year after D's retirement amount to ₹ 12,00,000. Give the necessary Journal entries to record Goodwill and to distribute the profits. Show your calculations clearly.

11. सर्वोत्तम लि. ने अपने ₹ 100 प्रत्येक के 1250, 12% ऋणपत्रों के शोधन का निर्णय लिया । इसने 850 ऋणपत्रों का क्रय खुले बाज़ार से ₹ 96 प्रति ऋणपत्र पर किया । शेष ऋणपत्रों का शोधन लाभ में से किया गया । कम्पनी ने ऋणपत्र शोधन कोष का आयोजन अपनी पुस्तकों में पूर्ववत् ही किया हुआ है ।

उपरोक्त लेनदेनों के लिए कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । 4

Sarvottam Ltd. decided to redeem its 1250, 12% Debentures of ₹ 100 each. It purchased 850 Debentures from the open market at ₹ 96 per Debenture. The remaining Debentures were redeemed out of profit. The company has already made a provision for Debenture Redemption Reserve in its books. Pass necessary Journal entries in the books of the company for the above transactions.

12. फॉरचून लि. की पुस्तकों में निम्नलिखित लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) ₹ 96,000, 12% ऋणपत्रों का शोधन इन्हें ₹ 100 प्रत्येक के समता अंशों में परिवर्तित करके किया गया । समता अंशों का निर्गमन 4% के बट्टे पर किया गया ।

(ii) ₹ 100 प्रत्येक के 4,800, 12% ऋणपत्रों को ₹ 100 प्रत्येक के नए 13% ऋणपत्रों में परिवर्तित किया गया । नए ऋणपत्रों को 25% के प्रीमियम पर निर्गमित किया गया । 6

Pass necessary Journal entries for the following transactions in the books of Fortune Ltd :

(i) Redeemed ₹ 96,000, 12% Debentures by conversion into Equity Shares of ₹ 100 each. The Equity Shares were issued at a discount of 4%.

(ii) Converted 4,800, 12% Debentures of ₹ 100 each into New 13% Debentures of ₹ 100 each. The New Debentures were issued at a premium of 25%.

**13.** संजय तथा समीर एक फर्म के साझेदार थे तथा 2 : 3 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 31.3.2011 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार था : *6*

**31.3.2011 को संजय तथा समीर का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | राशि ₹ | सम्पत्तियाँ | राशि ₹ |
|---|---|---|---|
| पूँजी : | | भूमि एवं भवन | 3,00,000 |
| संजय : ₹ 2,00,000 | | स्टॉक | 1,00,000 |
| समीर : ₹ 3,00,000 | 5,00,000 | देनदार | 1,50,000 |
| लेनदार | 1,05,000 | बैंक | 1,55,000 |
| कर्मचारी क्षतिपूर्ति निधि | 1,00,000 | | |
| | 7,05,000 | | 7,05,000 |

1.4.2011 को फर्म का विघटन हो गया तथा सम्पत्तियों एवं देनदारियों का निस्तारण निम्नानुसार हुआ :

(i) संजय ने भूमि तथा भवन को नगद भुगतान करके ₹ 3,50,000 में ले लिया;

(ii) स्टॉक का विक्रय ₹ 90,000 में किया गया;

(iii) लेनदारों ने अपने दावे के पूर्ण निपटान हेतु देनदारों को स्वीकार कर लिया ।

फर्म के समापन के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।

Sanjay and Sameer were partners in a firm sharing profits in the ratio of 2 : 3. On 31.3.2011 their Balance Sheet was as follows :

**Balance Sheet of Sanjay and Sameer as on 31.3.2011**

| Liabilities | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|
| Capitals : | | Land and Building | 3,00,000 |
| Sanjay : ₹ 2,00,000 | | Stock | 1,00,000 |
| Sameer : ₹ 3,00,000 | 5,00,000 | Debtors | 1,50,000 |
| Creditors | 1,05,000 | Bank | 1,55,000 |
| Workmen Compensation Fund | 1,00,000 | | |
| | 7,05,000 | | 7,05,000 |

The firm was dissolved on 1.4.2011 and the Assets and Liabilities were settled as follows :

(i) Sanjay agreed to take over Land and Building at ₹ 3,50,000 by paying cash;

(ii) Stock was sold for ₹ 90,000;

(iii) Creditors accepted Debtors in full settlement of their claim.

Pass necessary Journal entries for dissolution of the firm.

**14.** 31.3.2011 को समाप्त हुए वर्ष के लिए कोलकता स्पोर्ट्स क्लब के निम्नलिखित प्राप्ति एवं भुगतान खाते से आय तथा व्यय खाता तैयार कीजिए : 6

**31.3.2011 को समाप्त हुए वर्ष के लिए कोलकता स्पोर्ट्स क्लब का प्राप्ति एवं भुगतान खाता**

नाम जमा

| प्राप्ति | राशि ₹ | भुगतान | राशि ₹ |
|---|---|---|---|
| शेष आगे लाए | 3,200 | वेतन | 1,800 |
| चन्दा | 22,500 | किराया (30.9.2010 को 12 माह के लिए दिया) | 2,300 |
| प्रवेश शुल्क (सम्मिलित ₹ 1,000 बतौर पूँजीगत आय) | 3,000 | बिजली | 1,000 |
| दान | 750 | कर | 2,200 |
| हॉल का किराया | 1,750 | प्रिंटिंग तथा स्टेशनरी | 400 |
| वर्ष 2009 – 2010 की उपार्जित आय | 2,000 | विविध व्यय | 900 |
| | | पुस्तकें | 7,500 |
| | | 9% स्थायी जमा (1.4.2010 को) | 15,200 |
| | | शेष आगे ले गये | 1,900 |
| | 33,200 | | 33,200 |

From the following Receipts and Payments Account of Kolkata Sports Club for the year ended 31.3.2011, prepare Income and Expenditure Account :

**Receipts and Payments Account of Kolkata Sports Club for the year ended 31.3.2011**

Dr. Cr.

| Receipts | Amount ₹ | Payments | Amount ₹ |
|---|---|---|---|
| To Balance b/d | 3,200 | By Salary | 1,800 |
| To Subscriptions | 22,500 | By Rent (paid on 30.9.2010 for 12 months) | 2,300 |
| To Entrance Fees (including ₹ 1,000 as capital income) | 3,000 | By Electricity | 1,000 |
| To Donations | 750 | By Taxes | 2,200 |
| To Rent of hall | 1,750 | By Printing and Stationery | 400 |
| To Accrued interest for the year 2009 – 2010 | 2,000 | By Sundry Expenses | 900 |
| | | By Books | 7,500 |
| | | By 9% Fixed Deposit (on 1.4.2010) | 15,200 |
| | | By Balance c/d | 1,900 |
| | 33,200 | | 33,200 |

**15.** अटल तथा मदन एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 3 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 31.3.2011 को उन्होंने लाभ के 1/5वें भाग के लिए मेहरा को एक नया साझेदार बनाया । नया लाभ विभाजन अनुपात 5 : 3 : 2 था । मेहरा के प्रवेश के समय फर्म का स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

| देयताएँ | राशि ₹ | सम्पत्तियाँ | राशि ₹ |
|---|---|---|---|
| पूँजी : | | भूमि एवं भवन | 1,50,000 |
| अटल : ₹ 1,50,000 | | मशीनरी | 40,000 |
| मदन : ₹ 90,000 | 2,40,000 | एकस्व | 5,000 |
| डूबत ऋणों के लिए प्रावधान | 1,200 | स्टॉक | 27,000 |
| लेनदार | 20,000 | देनदार | 47,000 |
| कर्मचारी क्षतिपूर्ति कोष | 32,000 | रोकड़ | 4,200 |
| | | लाभ-हानि खाता | 20,000 |
| | 2,93,200 | | 2,93,200 |

मेहरा के प्रवेश के समय यह निर्णय लिया गया कि

(i) मेहरा अपनी पूँजी के लिए ₹ 40,000 तथा ख्याति प्रीमियम के अपने भाग के लिए ₹ 16,000 लाएगा, जिसका आधा भाग अटल तथा मदन ने निकाल लिया;

(ii) डूबत तथा संदिग्ध ऋणों के लिए $2\frac{1}{2}\%$ का प्रावधान करना है;

(iii) विविध लेनदारों में ₹ 2,500 की एक मद है जिसका भुगतान नहीं करना है;

(iv) बिजली के अदत्त बिल के लिए ₹ 3,000 का प्रावधान करना है;

(v) फर्म के विरुद्ध ₹ 325 के एक क्षतिपूर्ति दावे के मंजूर होने की सम्भावना है । उसके लिए प्रावधान करना है ।

उपरोक्त समायोजनों के पश्चात् अटल तथा मदन की पूँजी को मेहरा की पूँजी के आधार पर समायोजित करना है । स्थिति अनुसार अटल तथा मदन द्वारा रोकड़ लाई जाएगी अथवा उनको भुगतान की जाएगी ।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा नई फर्म का स्थिति विवरण तैयार कीजिए । 8

**अथवा**

खन्ना, सेठ तथा मेहता एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 2 : 5 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 31.12.2010 को खन्ना, सेठ तथा मेहता का स्थिति विवरण निम्नानुसार था :

| देयताएँ | | राशि ₹ | सम्पत्तियाँ | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|
| पूँजी : | | | ख्याति | 3,00,000 |
| खन्ना : | ₹ 3,00,000 | | भूमि तथा भवन | 5,00,000 |
| सेठ : | ₹ 2,00,000 | | मशीनरी | 1,70,000 |
| मेहता : | ₹ 5,00,000 | 10,00,000 | स्टॉक | 30,000 |
| सामान्य संचय | | 1,00,000 | देनदार | 1,20,000 |
| सेठ से ऋण | | 50,000 | रोकड़ | 45,000 |
| लेनदार | | 75,000 | लाभ-हानि खाता | 60,000 |
| | | 12,25,000 | | 12,25,000 |

14 मार्च 2011 को सेठ की मृत्यु हो गई ।

साझेदारी संलेख के अनुसार साझेदार की मृत्यु पर उसका उत्तराधिकारी निम्नलिखित के लिए हकदार होगा :

(i) पूँजी खाते का शेष;

(ii) पिछले वर्ष के लाभ के आधार पर मृत्यु की तिथि तक लाभ में भाग;

(iii) सम्पत्तियों के पुनर्मूल्यांकन तथा देनदारियों के पुनः निर्धारण में लाभ/हानि का अंश जो निम्नानुसार है :

(क) भूमि तथा भवन को ₹ 1,20,000 से बढ़ाया जाना है;

(ख) ह्रासित करके मशीनरी का मूल्य ₹ 1,35,000 तक तथा स्टॉक का ₹ 25,000 तक करना है;

(ग) डूबत तथा संदिग्ध ऋणों के लिए देनदारों पर $2\frac{1}{2}\%$ का प्रावधान करना है ।

(iv) सेठ के उत्तराधिकारी को देय शुद्ध राशि का स्थानान्तरण उसके निष्पादक के ऋण खाते में कर दिया गया, जिसका भुगतान बाद में करना था ।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते, सेठ के उत्तराधिकारी का खाता तथा खन्ना एवं मेहता का स्थिति विवरण तैयार कीजिए जिन्होंने अपने पूँजी खातों को नए लाभ अनुपात में रखते हुए व्यवसाय को चालू रखने का निश्चय किया है । किसी भी आधिक्य या कमी को साझेदारों के चालू खातों में स्थानान्तरित कर दिया जाएगा ।

Atal and Madan were partners in a firm sharing profits in the ratio of 5 : 3. On 31.3.2011 they admitted Mehra as a new partner for $1/5^{th}$ share in the profits. The new profit sharing ratio was 5 : 3 : 2. On Mehra's admission the Balance Sheet of the firm was as follows :

| Liabilities | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|
| Capitals : | | Land and Building | 1,50,000 |
| Atal : ₹ 1,50,000 | | Machinery | 40,000 |
| Madan : ₹ 90,000 | 2,40,000 | Patents | 5,000 |
| Provision for bad debts | 1,200 | Stock | 27,000 |
| Creditors | 20,000 | Debtors | 47,000 |
| Workmen Compensation Fund | 32,000 | Cash | 4,200 |
| | | Profit and Loss Account | 20,000 |
| | 2,93,200 | | 2,93,200 |

On Mehra's admission it was agreed that

(i) Mehra will bring ₹ 40,000 as his capital and ₹ 16,000 for his share of goodwill premium, half of which was withdrawn by Atal and Madan;

(ii) A provision of $2\frac{1}{2}\%$ for bad and doubtful debts was to be created;

(iii) Included in the sundry creditors was an item of ₹ 2,500 which was not to be paid;

(iv) A provision was to be made for an outstanding bill for electricity ₹ 3,000;

(v) A claim of ₹ 325 for damages against the firm was likely to be admitted. Provision for the same was to be made.

After the above adjustments, the capitals of Atal and Madan were to be adjusted on the basis of Mehra's capital. Actual cash was to be brought in or to be paid off to Atal and Madan as the case may be.

Prepare Revaluation Account, Capital Accounts of the partners and the Balance Sheet of the new firm.

**OR**

Khanna, Seth and Mehta were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2 : 5. On 31.12.2010 the Balance Sheet of Khanna, Seth and Mehta was as follows :

| Liabilities | | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|
| Capitals : | | | Goodwill | 3,00,000 |
| Khanna : | ₹ 3,00,000 | | Land and Building | 5,00,000 |
| Seth : | ₹ 2,00,000 | | Machinery | 1,70,000 |
| Mehta : | ₹ 5,00,000 | 10,00,000 | Stock | 30,000 |
| General Reserve | | 1,00,000 | Debtors | 1,20,000 |
| Loan from Seth | | 50,000 | Cash | 45,000 |
| Creditors | | 75,000 | Profit and Loss Account | 60,000 |
| | | 12,25,000 | | 12,25,000 |

On 14th March 2011, Seth died.

The partnership deed provided that on the death of a partner the executor of the deceased partner is entitled to :

(i) Balance in Capital Account;

(ii) Share in profits upto the date of death on the basis of last year's profit;

(iii) His share in profit/loss on revaluation of assets and re-assessment of liabilities which were as follows :

(a) Land and Building was to be appreciated by ₹ 1,20,000;

(b) Machinery was to be depreciated to ₹ 1,35,000 and Stock to ₹ 25,000;

(c) A provision of $2\frac{1}{2}\%$ for bad and doubtful debts was to created on debtors;

(iv) The net amount payable to Seth's executors was transferred to his loan account which was to be paid later.

Prepare Revaluation Account, Partners Capital Accounts, Seth's Executors A/c and the Balance Sheet of Khanna and Mehta who decided to continue the business keeping their capital balances in their new profit sharing ratio. Any surplus or deficit to be transferred to current accounts of the partners.

**16.** आर.के. लि. ने ₹ 10 प्रत्येक के 70,000 समता अंशों को ₹ 35 प्रति अंश के प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमन्त्रित किए । राशि का भुगतान निम्न प्रकार से करना था :

आवेदन पर ₹ 15 (₹ 12 प्रीमियम सहित)

आबंटन पर ₹ 10 (₹ 8 प्रीमियम सहित)

प्रथम एवं अन्तिम याचना पर — शेष

65,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए तथा सभी आवेदकों को अंशों का आबंटन कर दिया गया । एक अंशधारक, राम, जिसे 2000 अंशों का आबंटन किया गया था, ने आबंटन राशि का भुगतान नहीं किया । आबंटन के तुरन्त पश्चात् उसके अंशों को ज़ब्त कर लिया गया । इसके पश्चात् प्रथम एवं अन्तिम याचना माँगी गई । सोहन, जिसके पास 3000 अंश थे, ने प्रथम एवं अन्तिम याचना का भुगतान नहीं किया । उसके अंशों को भी ज़ब्त कर लिया गया । ज़ब्त किए गए अंशों में से 4000 अंशों को ₹ 50 प्रति अंश की दर से पूर्ण प्रदत्त पुनः निर्गमित कर दिया गया । पुनः निर्गमित किए गए अंशों में राम के सभी अंश सम्मिलित थे ।

उपरोक्त लेनदेनों के लिए आर.के. लि. की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । 8

**अथवा**

आशीष लि. ने ₹ 10 प्रत्येक के 75,000 समता अंशों को 10% के बट्टे पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमन्त्रित किए । राशि का भुगतान निम्न प्रकार से करना था :

आवेदन पर ₹ 2 प्रति अंश

आबंटन पर ₹ 2 प्रति अंश

प्रथम एवं अन्तिम याचना पर — शेष

1,50,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । 25,000 अंशों के लिए आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा इन आवेदकों की आवेदन राशि वापस कर दी गई । शेष आवेदकों को आनुपातिक आधार पर अंशों का आबंटन किया गया । इन आवेदनों के साथ प्राप्त अतिरिक्त राशि का समायोजन आबंटन पर देय राशि में कर लिया गया । सुमन ने 1250 अंशों के लिए आवेदन किया था तथा उसने आबंटन राशि तथा प्रथम एवं अन्तिम याचना राशि का भुगतान नहीं किया । देव ने अपने 1000 अंशों पर प्रथम एवं अन्तिम याचना का भुगतान नहीं किया । इन सभी अंशों को ज़ब्त कर लिया गया । ज़ब्त किए गए अंशों में से बाद में 1000 अंशों को ₹ 17 प्रति अंश की दर से पूर्ण प्रदत्त पुनः निर्गमित कर दिया गया । पुनः निर्गमित किए गए अंशों में सुमन के सभी अंश सम्मिलित थे ।

उपरोक्त लेनदेनों के लिए आशीष लि. की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।

R.K. Ltd. invited applications for issuing 70,000 Equity Shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 35 per share. The amount was payable as follows :

On Application ₹ 15 (including ₹ 12 premium)

On Allotment ₹ 10 (including ₹ 8 premium)

On First and Final call — Balance

Applications for 65,000 shares were received and allotment was made to all the applicants. A shareholder, Ram, who was allotted 2000 shares, failed to pay the allotment money. His shares were forfeited immediately after allotment. Afterwards, the first and final call was made. Sohan, who had 3000 shares, failed to pay the first and final call. His shares were also forfeited. Out of the forfeited shares, 4000 shares were re-issued at ₹ 50 per share fully paid up. The re-issued shares included all the shares of Ram.

Pass necessary Journal entries for the above transactions in the books of R.K. Ltd.

**OR**

Ashish Ltd. invited applications for issuing 75,000 Equity Shares of ₹ 10 each at a discount of 10%. The amount was payable as follows :

On Application ₹ 2 per share

On Allotment ₹ 2 per share

On First and Final call — Balance

Applications for 1,50,000 shares were received. Applications for 25,000 shares were rejected and application money of these applicants was refunded. Shares were allotted on pro-rata basis to the remaining applicants. Excess money received with these applications was adjusted towards sums due on allotment. Suman, who had applied for 1250 shares, failed to pay allotment and first and final call money. Dev did not pay the first and final call on his 1000 shares. All these shares were forfeited and later on 1000 of these shares were re-issued at ₹ 17 per share fully paid up. The re-issued shares included all the shares of Suman.

Pass the necessary Journal entries in the books of Ashish Ltd. for the above transactions.

## भाग ख
## (वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)
## PART B
## (Financial Statements Analysis)

**17.** 'शीर्ष प्रबंधन' के लिए वित्तीय विवरणों के विश्लेषण के महत्त्व का उल्लेख कीजिए । *1*

State the significance of analysis of financial statements to 'Top Management'.

**18.** रोकड़ प्रवाह विवरण बनाने का क्या उद्देश्य है ? *1*

What is the objective of preparing a Cash Flow Statement ?

**19.** 'एक व्यापारिक कम्पनी द्वारा एक अन्य कम्पनी के अंशों के अधिग्रहण हेतु नगद भुगतान' को रोकड़ प्रवाह विवरण बनाते समय किस प्रकार की गतिविधि कहा जाएगा ? *1*

While preparing Cash Flow Statement, what type of activity is 'Payment of cash to aquire shares of another company by a trading company' ?

20. एक्स. लि. का चालू अनुपात 3 : 1 है तथा तरलता अनुपात 2 : 1 है । यदि स्टॉक द्वारा प्रतिनिधित्व की जाने वाली चालू सम्पत्तियाँ तरल सम्पत्तियों से ₹ 40,000 अधिक है, तो चालू सम्पत्तियों तथा चालू देयताओं की गणना कीजिए । 3

X Ltd. has a current ratio of 3 : 1 and quick ratio of 2 : 1. If the excess of current assets over quick assets as represented by stock is ₹ 40,000, calculate current assets and current liabilities.

21. निम्नलिखित सूचना से निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** अनुपातों की गणना कीजिए : 4

(क) ऋण-समता अनुपात;

(ख) कार्यशील पूँजी आवर्त अनुपात;

(ग) निवेश पर प्रत्याय ।

*सूचना :*

समता अंश पूँजी ₹ 10,00,000; सामान्य संचय ₹ 1,00,000; लाभ-हानि खाता कर तथा ब्याज भुगतान के बाद ₹ 3,00,000; 12% ऋणपत्र ₹ 4,00,000; लेनदार ₹ 3,00,000; भूमि तथा भवन ₹ 13,00,000; फर्नीचर ₹ 3,00,000; देनदार ₹ 2,90,000; रोकड़ ₹ 1,10,000 तथा प्रारम्भिक व्यय ₹ 1,00,000.

31.3.2011 को समाप्त हुए वर्ष के लिए विक्रय ₹ 30,00,000 था तथा 50% कर का भुगतान किया गया था ।

From the following information, calculate any ***two*** of the following ratios :

(a) Debt-Equity Ratio;

(b) Working Capital Turnover Ratio;

(c) Return on Investment.

*Information :*

Equity Share Capital ₹ 10,00,000; General Reserve ₹ 1,00,000; Profit and Loss Account after Tax and Interest ₹ 3,00,000; 12% Debentures ₹ 4,00,000; Creditors ₹ 3,00,000; Land and Building ₹ 13,00,000; Furniture ₹ 3,00,000; Debtors ₹ 2,90,000; Cash ₹ 1,10,000 and Preliminary expenses ₹ 1,00,000.

Sales for the year ended 31.3.2011 was ₹ 30,00,000 and Tax paid 50%.

**22.** निम्नलिखित आय विवरण से 31.3.2011 को समाप्त हुए वर्ष के लिए जयन्त लि. का एक सामान्य आकार का आय विवरण तैयार कीजिए : 4

**31.3.2011 को समाप्त हुए वर्ष के लिए जयन्त लि. का आय विवरण**

| विवरण | राशि ₹ |
|---|---|
| <u>आय :</u> | |
| विक्रय | 25,38,000 |
| अन्य आय | 38,000 |
| कुल आय | 25,76,000 |
| <u>व्यय :</u> | |
| बेचे गये माल की लागत | 14,00,000 |
| प्रचालन व्यय | 5,00,000 |
| कुल व्यय | 19,00,000 |
| कर | 3,38,000 |

From the following Income Statement, prepare a Common Size Income Statement of Jayant Ltd. for the year ended 31.3.2011 :

**Income Statement of Jayant Ltd. for the year ended 31.3.2011**

| Particulars | Amount ₹ |
|---|---|
| <u>Income :</u> | |
| Sales | 25,38,000 |
| Other Incomes | 38,000 |
| Total Income | 25,76,000 |
| <u>Expenses :</u> | |
| Cost of goods sold | 14,00,000 |
| Operating Expenses | 5,00,000 |
| Total Expenses | 19,00,000 |
| Tax | 3,38,000 |

**23.** 31.3.2010 तथा 31.3.2011 को बी.सी.आर. लि. के निम्नलिखित स्थिति विवरणों से रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार कीजिए :

**31.3.2010 तथा 31.3.2011 को बी.सी.आर. लि. के स्थिति विवरण**

| देयताएँ | 31.3.2010 ₹ | 31.3.2011 ₹ | सम्पत्तियाँ | 31.3.2010 ₹ | 31.3.2011 ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| समता अंश पूँजी | 5,00,000 | 7,00,000 | एकस्व | 1,00,000 | 95,000 |
| लाभ-हानि खाता | 2,00,000 | 3,50,000 | संयन्त्र | 5,00,000 | 5,00,000 |
| बैंक ऋण | 1,00,000 | 50,000 | निवेश | — | 1,00,000 |
| प्रस्तावित लाभांश | 50,000 | 70,000 | देनदार | 80,000 | 1,47,000 |
| कर प्रावधान | 30,000 | 50,000 | स्टॉक | 55,000 | 1,30,000 |
| लेनदार | 55,000 | 52,000 | बैंक | 2,00,000 | 3,00,000 |
| | 9,35,000 | 12,72,000 | | 9,35,000 | 12,72,000 |

*अतिरिक्त सूचना :*

वर्ष में ₹ 1,00,000 मूल्य के संयन्त्र का क्रय किया गया । संयन्त्र के विक्रय पर ₹ 12,000 की हानि हुई । संयन्त्र पर ₹ 18,000 का मूल्यह्रास लगाया गया । 6

From the following Balance Sheets of B.C.R. Ltd. as on 31.3.2010 and 31.3.2011, prepare a Cash Flow Statement :

**Balance Sheets of B.C.R. Ltd. as on 31.3.2010 and 31.3.2011**

| Liabilities | 31.3.2010 ₹ | 31.3.2011 ₹ | Assets | 31.3.2010 ₹ | 31.3.2011 ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| Equity Share Capital | 5,00,000 | 7,00,000 | Patents | 1,00,000 | 95,000 |
| Profit and Loss Account | 2,00,000 | 3,50,000 | Equipment | 5,00,000 | 5,00,000 |
| Bank Loan | 1,00,000 | 50,000 | Investments | — | 1,00,000 |
| Proposed Dividend | 50,000 | 70,000 | Debtors | 80,000 | 1,47,000 |
| Provision for tax | 30,000 | 50,000 | Stock | 55,000 | 1,30,000 |
| Creditors | 55,000 | 52,000 | Bank | 2,00,000 | 3,00,000 |
| | 9,35,000 | 12,72,000 | | 9,35,000 | 12,72,000 |

*Additional Information :*

During the year Equipment costing ₹ 1,00,000 was purchased. Loss on sale of Equipment amounted to ₹ 12,000. ₹ 18,000 depreciation was charged on Equipment.

## भाग ग
## (अभिकलित्र लेखांकन)

## PART C
## (Computerised Accounting)

**17.** कम्प्यूटर तंत्र किस प्रकार कार्य करता है ? *1*

How does computer system work ?

**18.** किसी खाते को आबंटित कोड के 'तीसरे' एवं 'चौथे' अंक द्वारा किसका प्रतिनिधित्व होता है ? *1*

What is represented by the 'Third' and 'Fourth' digits of the code allotted to an account ?

**19.** आँकड़ा मान्यीकरण/वैधीकरण क्या है ? *1*

What is data validation ?

**20.** लेखांकन सूचना तंत्र के किन्हीं तीन उप-तंत्रों को समझाइए । *3*

Explain any three sub-systems of Accounting Information System.

**21.** डी.बी.एम.एस. के किन्हीं चार लाभों की व्याख्या कीजिए । *4*

Explain any four advantages of D.B.M.S.

**22.** माइक्रोसॉफ्ट ऐक्सैस में कर्मचारियों के मकान किराया भत्ते की गणना करने के लिए क्वैरी के चरणों को लिखिए । *4*

Write the steps of a query to compute House Rent Allowance for employees in Microsoft Access.

23. (क) निम्नलिखित सूचना से यात्रा-भत्ते की राशि की गणना करने के लिए एक्सैल पर फार्मूले की गणना कीजिए :

₹ 40,000 के मूल वेतन तक 15% की दर से; ₹ 40,000 से अधिक की राशि पर 25% की दर से । (मूल वेतन C2 में प्रक्षेपित)

(ख) एक्सैल के उस वित्तीय कार्य का नाम बताते हुए समझाइए, जिसका उपयोग दो अवधियों के बीच संचित ब्याज के भुगतान की गणना के लिए किया जाता है । *2+4=6*

(a) From the following information, calculate the formula on Excel for computing the amount of Transport Allowance :

Basic pay upto ₹ 40,000, @ 15%; for more than ₹ 40,000, @ 25%. (Basic pay is projected in C2).

(b) Name and explain the financial function of Excel which is used to calculate cumulative interest paid between two periods.